

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 24 September 2022

पुलिस

PATWAR

HIGH COURT

रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF

BANK

SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS

शिक्षक
I[st] ग्रेड

REET
I, II Level



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 24 सितंबर का इतिहास

- **1726 :** ईस्ट इंडिया कंपनी को बंबई, कलकत्ता और मद्रास में नगर निगम और महापौर अदालतों को बनाने के लिए अधिकृत किया गया।
- **1948 :** होंडा मोटर कंपनी की स्थापना हुई।
- **1932 :** डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा गांधी के बीच पुणे की यरवडा सेंट्रल जेल में दलितों के लिए विधानसभाओं में सीटें सुरक्षित करने को लेकर एक विशेष समझौता हुआ।
- **1978 :** पूर्व सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।

## 24 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- मणिपुर के मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह ने आम जनता से शिकायतें प्राप्त करने के लिए सीएम दा हैसी वेब पोर्टल लॉन्च किया। जनता इस पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है, और वे अपनी शिकायतों की स्थिति भी देख सकते है। सीएम सचिवालय में लोक शिकायत निवारण और भ्रष्टाचार निरोधक सेल समयबद्ध तरीके से शिकायतों के निवारण के लिए पोर्टल का उपयोग करेंगे। यह शासन और सार्वजनिक सेवाओं के वितरण में पारदर्शिता और जवाबदेही लाएगा।
- जीवाश्म ईंधन की ग्लोबल रजिस्ट्री वैश्विक जीवाश्म ईंधन उत्पादन तेल और गैस भंडार और उत्सर्जन पर नजर रखने के लिए दुनिया का पहला डेटाबेस है। इसमें 89 देशों में 50,000 से अधिक तेल, गैस और कोयला क्षेत्रों के डेटा शामिल हैं, जो वैश्विक उत्पादन का 75% कवर करता है। यह दुनिया भर में जीवाश्म ईंधन उत्पादन पर नजर रखने में मदद करेगा और उत्सर्जन की भविष्यवाणी करने में भी मदद करेगा। ग्लोबल रजिस्ट्री सरकारों और कंपनियों को उनके जीवाश्म ईधन के विकास के लिए अधिक जवाबदेह बनाएगी। ग्लोबल एनर्जी मॉनिटर ने कहा कि डेटा सरकारों, राज्य के स्वामित्व वाली और निजी कंपनियों, समाचार और मीडिया रिपोर्ट आदि से एकत्र किया गया है।
- विज्ञान प्रगति वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा जारी एक लोकप्रिय विज्ञान पत्रिका है। गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग की ओर से सूरत में आयोजित दूसरे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में पत्रिका को राष्ट्री राजभाषा कीर्ति पुरस्कार मिला है। विज्ञान प्रगति पत्रिका का उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी को सरल भाषा में जन-जन तक पहुंचाना है।
- भारत सरकार ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए अधिक अन्वेषण और उत्पादन के लिये निवेश आकर्षित करने हेतु विभिन्न पहल कर रही है।
- भारतीय पहलवान बजरंग पुनिया विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में चार पदक जीतने वाले एकमात्र भारतीय बन गए है। इन्होंने प्यूटो रिको के सेबेस्टियन सी. रिवेरा को 11-9 से हराकर यह खिताब जीता है।
- नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 पर एक FAO साइड इवेंट का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम खाद्य और कृषि संगठन के शासी निकाय के नौवें सत्र के दौरान आयोजित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 हेतु किसानों की बेहतरी के समाधान के रूप में खाद्य सुरक्षा और फसल विविधता के केंद्र में मोटा अनाज पर विशेष बल दिया गया। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के चलते कठिन परिस्थितियों में मोटा अनाज के स्वास्थ्य लाभों और खेती हेतु उनकी उपयुक्तता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है।
- ईसाई और इस्लाम धर्म अपनाने वाले अनुसूचित जाति के लोगों की स्थिति का अध्ययन करने के लिए केंद्र सरकार एक आयोग का गठन करेगी। आयोग उन अनुसूचित जातियों या दलितों की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्थिति का अध्ययन करेगा, जिन्होंने हिंदू, बौद्ध और सिख धर्म के अलावा अन्य धर्मों को अपनाया है। आयोग में तीन या चार सदस्य होने की संभावना है, जिसके अध्यक्ष केंद्रीय कैबिनेट मंत्री रैंक के होंगे। आयोग वर्तमान एससी सूची में अधिक सदस्यों को जोड़ने के प्रभाव का भी अध्ययन करेगा।
- बेंगलुरू एफसी ने अपना पहला डूरंड कप खिताब जीता। बेंगलुरू एफसी ने कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराकर डूरंड कप खिताब जीता। बेंगलुरू एफसी के लिए शिवा शक्ति और ब्राजील के एलन कोस्टा ने गोल किए जबकि मुंबई सिटी एफसी के लिए अपुइया ने गोल किया। यह डूरंड कप का 131वां संस्करण था। सुनील छेत्री बेंगलुरू एफसी टीम के कप्तान थे।
- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने न्यूयॉर्क में भारत-सीईएलसी बैठक में भाग लिया। भारत-सीएलएसी फोरम पांच साल बाद सक्रिय हो गया है। अर्जेंटीना, ग्वाटेमाला, त्रिनिदाद के विदेश मंत्रियों और कोलंबिया के बहुपक्षीय मामलों के उप मंत्री ने बैठक में भाग लिया। दोनों पक्षो ने कोविड महामारी के बाद आर्थिक सुधार की समीक्षा की। वे व्यापार ओर वाणिज्य, कृषि, खाद्य और ऊर्जा, स्वास्थ्य आदि के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमत हुए।
- तमिलनाडु राज्य सरकार ने नंजरायण टैंक को पक्षी अभयारण्य के रूप में अधिसूचित किया है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. खाद्य और कृषि के लिए पादप आनुवंशिक संसाधनों पर अंतर्राष्ट्रीय संधि (ITPGRFA) की शासी निकाय के 9वें सत्र की मेजबानी कौनसा देश कर रहा है ?**

(A) भारत (B) जापान
(C) इटली (D) अमेरिका

**(A)** भारत खाद्य और कृषि के लिए पादप आनुवंशिक संसाधनों पर अंतर्राष्ट्रीय संधि के शासी निकाय के 9वें सत्र की नई दिल्ली में मेजबानी कौनसा देश कर रहा है। पादक आनुवंशिक संसाधनों पर अंतर्राष्ट्रीय संधि (ITPGRFA) संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन के 31वें सत्र के दौरान नवंबर 2001 में अपनाया गया कानूनी रूप से बाध्यकारी एक समझौता है।



**2. 2022 तक GDP के अनुपात के रूप में भारत की लॉजिस्टिक्स लागत क्या है ?**

(A) 11.20% (B) 12.44%
(C) 13.14% (D) 18.19%

**(C)** हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति शुरू की जिसका उद्देश्य लॉजिस्टिक्स लागत को कम करके पूरे देश में माल की निर्बाध आवाजाही को बढ़ावा देना है। इसका उद्देश्य घरेलू और वैश्विक बाजारों में भारतीय वस्तुओं की प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करना है।




**3. किस राज्य सरकार ने एकीकृत सचिवालय परिसर का नाम भारतीय संविधान के पिता डॉ.बी.आर. अंबेडकर के नाम पर रखने की घोषणा की है ?**

(A) हरियाणा (B) कर्नाटक
(C) मेघालय (D) तेलंगाना

**(D)** तेलंगाना राज्य सरकार ने हैदराबाद में नए एकीकृत सचिवालय परिसर का नाम बाबा साहेब बी.आर. अंबेडकर के नाम पर रखने का फैसला किया है। यह कदम तेलंगाना विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित करने के बाद आया, जिसमें केंद्र सरकार से संविधान के मुख्य वास्तुकार के नाम पर नई दिल्ली में नए संसद भवन का नाम रखने का आग्रह किया गया था।



**4. किस शहर को वर्ष 2022-23 के लिए शंघाई सहयोग संगठन की पहली पर्यटन और सांस्कृतिक राजधानी के रूप में नामित किया गया है ?**

(A) वाराणसी (भारत) (B) शंघाई (चीन)
(C) समरकंद (उज्बेकिस्तान) (D) मॉस्को (रूस)

**(A)** भारत की संस्कृति और परंपरा के प्रदर्शित करने वाले पवित्र शहर वाराणसी को शंघाई सहयोग संगठन की पहली पर्यटन और सांस्कृतिक राजधानी घोषित किया गया है। उज्बेकिस्तान के समरकंद में SCO के सदस्यों देशों ने वर्ष 2022-23 के लिए वाराणसी को इस संगठन की पहली पर्यटन और सांस्कृतिक राजधानी के रूप में स्वीकार्यता दी।



**5. कानून मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार फास्ट ट्रैक अदालतों में सर्वाधिक लंबित मुकदमों की संख्या में कौनसा राज्य भारत में शीर्ष स्थान पर रहा है ?**

(A) पंजाब (B) असम
(C) उत्तरप्रदेश (D) मध्यप्रदेश

**(C)** देशभर की फास्ट ट्रैक अदालतों में महिलाओं, बच्चो और वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ जघन्य अपराधों के लंबित 13.81 लाख मामलों में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से अधिक है। उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के साथ साझा किए गए विश्लेषण के आधार पर जारी रिपोर्ट के मुताबिक 88,000 मासिक नए मामले दर्ज किए गए हैं, वहीं लगभग 35,000 मामलों का निपटान किया गया, जिससे साफ दिख रहा है मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है।



**6. स्कूली छात्रों का बोझ कम करने के लिए किस राज्य सरकार ने सभी स्कूलों में 'नो बैग डे' और अनिवार्य खेल अवधि शुरू करने की घोषणा की है ?**

(A) बिहार (B) केरल

(C) तमिलनाडु (D) उत्तराखंड

**(A)** बिहार सरकार ने स्कूली छात्रों का बोझ कम करने के लिए सप्ताह में कम से कम एक बार अनिवार्य खेल अवधि के साथ स्कूलों में नो बैग डे नियम लागू करने का फैसला किया है। इसका उद्देश्य छात्रों को ऐसी गतिविधियों में शामिल करने के लिए नीति लाई जा रही है जो उनके सीखने को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है।



**7. स्वच्छता ही सेवा अभियान से संबंधित मंत्रालय है ?**

(A) ग्रामीण विकास मंत्रालय

(B) उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

(C) जल शक्ति मंत्रालय

(D) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

**(C)** जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग ने ग्रामीण भारत में पूर्ण स्वच्छता की दिशा में प्रयासों में तेजी लाने के लिए स्वच्छता ही सेवा अभियान शुरु किया है। इसका उद्देश्य ग्रामीण भारत में संपूर्ण स्वच्छता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों में तेजी लाना है। यह कचरे की सफाई और ठोस कचरा प्रबंधन हेतु गतिविधियों के लिए एक व्यापक सामुदायिक अभियान है।




**8. भारतीय नौसेना ने अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए किस विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है ?**

(A) अमृता विश्व विद्यापीठ, तमिलनाडु

(B) Amity यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश

(C) कलिंग विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़

(D) मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी, मध्यप्रदेश

**(B)** Amity यूनिवर्सिटी और भारतीय नौसेना के बीच समझौता ज्ञापन शैक्षिक योग्यता में वृद्धि करेगा, जिससे इन-सर्विस उपयुक्त समुद्री असाइनमेंट और भारतीय नौसेना से सेवानिवृति में बेहतर प्लेसमेंट की संभावना में सुधार होगा।



**9. सीटाग्लिप्टिन क्या है ?**

(A) पर्वत श्रृंखला (B) जनजातीय समूह

(C) द्वीप समूह (D) मधुमेह विरोधी दवा

**(D)** हाल ही में भारत ने मधुमेह के लिए दवाओं का एक नया वेरिएंट सीटाग्लिप्टिन लॉन्च किया। मधुमेह के रोगियों में ब्लड शुकर के स्तर को नियंत्रित करने के लिए सीटाग्लिप्टिन का उपयोग किया जा सकता है। यह एक मधुमेह विरोधी दवा है। यह अग्नाशय से इंसुलिन निकालने की दर बढ़ाकर ब्लड शुगर के स्तर को बढ़ाने वाले हार्मोन को कम करता है।



**10. भारत का पहला स्वच्छ सुजल प्रदेश कौनसा बना है ?**

(A) उत्तर प्रदेश (B) अंडमान निकोबार द्वीप समूह

(C) हिमालच प्रदेश (D) अरूणाचल प्रदेश

**(B)** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह को भारत का पहला स्वच्छ सुजल प्रदेश घोषित किया है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के सभी गांवों को हर घर जल सुविधा और खुले में शौच से मुक्त है।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज